Result Mitra

# रिजल्ट मित्र स्पेशल

# Hand Written

# करंट अफेयर्स नोट्स

# 18



# फीफा विश्वकप के नाम पर 30 लाख कुत्तों की हत्या करेगा मोरक्को

मोरक्को ने 2030 फीफा विश्वकप की सह मेजबानी से पहले अपने शहरों को साफ सुथरा दिखाने के लिए लगभग 30 लाख आवारा कुत्तों को मारने की योजना बनाई है।

- इस निर्णय के तहत कुत्तों को जहर देकर या गोली मारकर मारा जा रहा है।
- प्रसिद्ध पशु अधिकार कार्यकर्ता जेन गुडॉल ने फीफा के महासचिव को पत्र लिखकर इस क्रूर अभियान पर चिंता व्यक्त की है और फीफा से हस्तक्षेप करने की अपील की है।
- पशु अधिकार संगठनों ने इस क्रूरता को रोकने और मानवीय विकल्प अपनाने की मांग की है।

## FIFA

फीफा फुटबॉल यानी सॉकर की दुनिया की शासी संस्था है।

फीफा की स्थापना साल 1904 में पेरिस में हुई थी।

- फीफा का मुख्यालय ज्यूरिख में है।
- फीफा वर्ल्ड कप की ट्रॉफी 18 कैरेट सोने से बनी होती है और इसका वजन 6 किलो से ज्यादा होता है।
- 2030 विश्वकप इसलिए खास है क्योंकि 2030 में फीफा विश्व कप को 100 वर्ष पूरे हो जाएंगे।

18|01|P1

Result Mitra

# 17 जनवरी को भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 का उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 जनवरी 2025 की नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 का उद्घाटन किया।

यह एक्सपो 17 से 22 जनवरी 2025 तक तीन स्थानों भारत मंडपम (नई दिल्ली), यशोभूमि (द्वारका) और ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया जा रहा है

- केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि यह एक्सपो दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ऑटोमोटिव एक्सपो बन गया है
- इस एक्सपो का उद्देश्य ऑटोमोबाइल निर्माताओं को कंपोनेंट इलेक्ट्रॉनिक्स पार्ट्स टायर और ऊर्जा भंडारण निर्माताओं ऑटोमोटिव सॉफ्टवेयर फर्मों और मटेरियल रीसाइकिलर्स सहित मोबिलिटी इकोसिस्टम की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला को एक ही छत के नीचे लाना है

Result Mitra



# 17 जनवरी को भारत मोबिलिटी उत्पोजल एक्सपो 2025 का उदघाटन

भारत की ग्रीन मोबिलिटी पर योजना:

- राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन योजना (NEMMP):
  - 2030 तक भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बढ़ाने का लक्ष्य।
- फेम-II योजना (Faster Adoption and Manufacturing of Hybrid and Electric Vehicles):
  - इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए प्रोत्साहन।
- ग्रीन हाइड्रोजन मिशन:
  - भारत को हाइड्रोजन ऊर्जा के उत्पादन और उपयोग में वैश्विक नेता बनाना।
- सार्वजनिक परिवहन:
  - मेट्रो रेल, इलेक्ट्रिक बसों और अन्य टिकाऊ परिवहन विकल्पों का विस्तार।

Result Mitra

## शास्त्रीय गायक कथक सम्राट बिरजू महाराज - चर्चा में

पंडित बिरजू महाराज भारत के प्रसिद्ध कथक नर्तक संगीतकार और गायक थे। वे लखनऊ के कालका बिंदादिन घराने के अग्रणी प्रतिनिधि थे।

- उनका जन्म कथक नर्तक जगन्नाथ महाराज (अच्छन महाराज) के परिवार में हुआ था। उन्होंने अपने चाचा शंभू महाराज और लच्छू महाराज से प्रशिक्षण प्राप्त किया।
- लच्छू महाराज की पद्म विभूषण सहित कई अन्य पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है
- जन्म- लखनऊ (उ.प्र.)
- असली नाम- बृजमोहन नाथ मिश्रा



18/01/23

Result Mitra

# शास्त्रीय गायक कथक सम्राट विरजु महाराज चर्चा में

**प्रमुख उपलब्धियाँ और सम्मान:**

1. पुरस्कार:
    - पद्म विभूषण (1986):
        - यह भारत का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान है।
    - संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1964):
        - यह शास्त्रीय संगीत, नृत्य और नाटक के क्षेत्र में भारत का सर्वोच्च सम्मान है।
    - कालिदास सम्मान:
        - यह सम्मान मध्य प्रदेश सरकार द्वारा कला के क्षेत्र में दिया जाता है।
    - राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार:
        - उन्हें "विश्वारूपम" फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी का पुरस्कार मिला।
2. वैश्विक पहचान:
    - उन्होंने यूरोप, अमेरिका, जापान, और रूस जैसे देशों में कथक के प्रदर्शन किए और इसे वैश्विक पहचान दिलाई।

Result Mitra

# चीन में घटती हुई जनसंख्या बड़ी समस्या

चीन में जनसंख्या में लगातार गिरावट एक बड़ी गंभीर समस्या बनती जा रही है। नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स के अनुसार 2024 के अंत में चीन की जनसंख्या लगभग 1.408 अरब थी। जो पिछले वर्ष की तुलना में 13.9 लाख कम है।

- यह लगातार तीसरा वर्ष है। जब चीन की जनसंख्या में कमी आई है
- जनसंख्या में इस निरंतर गिरावट से चीन की अर्थव्यवस्था और समाज पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है।
- 2035 तक चीन की जनसंख्या घटकर 1.36 अरब होने का अनुमान है
- इस चुनौती का सामना करने के लिए चीनी सरकार ने सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने का निर्णय लिया है




10/01/25

Result Mitra
@resultmitra
www.resultmitra.com

# महाकुंभ में स्थापित हुआ विश्व का सबसे बड़ा महामृत्युन्जय यंत्र

प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 के अवसर पर विश्व का सबसे बड़ा महामृत्युंजय यंत्र स्थापित किया गया है। यह यंत्र मृत्यु, बीमारी और खतरों के डर को दूर करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है।

- इस यंत्र का निर्माण 52 दिनों में पूरा हुआ।
- लागत - ५ करोड़

## महामृत्युंजय यंत्र के लाभ

- सुरक्षा और स्वास्थ्य
- दीर्घायु और अमरत्व
- भय और बाधाओं का निवारण



Result Mitra

# महाकुंभ में स्थापित हुआ विश्व का सबसे बड़ा महामृत्युन्जय यंत्र

महत्व: महामृत्युंजय यंत्र की स्थापना

1. धार्मिक महत्व:
    - महाकुंभ मेले में महामृत्युंजय यंत्र की स्थापना, भगवान शिव के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का एक माध्यम है।
    - यह यंत्र महामृत्युंजय मंत्र के प्रभाव को केंद्रित करता है और भक्तों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा का स्रोत बनता है।
2. सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व:
    - यंत्र की स्थापना ने हिंदू धर्म की प्राचीन परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्जीवित किया है।
    - यह आयोजन भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता को भी प्रदर्शित करता है।
3. आध्यात्मिक प्रभाव:
    - महामृत्युंजय यंत्र का उद्देश्यशारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना और मानव जीवन के कष्टों को दूर करना है।
    - इसे विश्व शांति और महामारी जैसी समस्याओं के समाधान के लिए भी उपयोगी माना गया।
4. पर्यटन और वैश्विक ध्यान:
    - यह यंत्र और महाकुंभ मेला, न केवल भारत बल्कि विश्व के लिए आकर्षण का केंद्र है।
    - लाखों श्रद्धालु और विदेशी पर्यटक इस धार्मिक आयोजन में भाग लेते हैं।

Result Mitra

# भारत के 2026 तक दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद

उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर्स ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (PHDCCI) के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था के 2026 तक जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है

- PHDCCI ने अनुमान लगाया है कि वित्त वर्ष 2024-25 में देश की सकल घरेलू उत्पाद (GDP) वृद्धि दर 6.8% और वित्त वर्ष 2025-26 में 7.7% रहेगी।

- यह उम्मीद की जा रही है कि 2026 तक भारत, जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

- PHDCCI का मुख्यालय नई दिल्ली में है

- अंतर्राष्ट्रीय कार्यालय- बहरीन

